नगर निगम, गोरखपुर

अल्पकालीन निविदा सूचना

गोरखपुर नगर निगम के समस्त ठेकेदार जिनके पास उ0प्र0 शासन द्वारा जारी 'क' श्रेणी विद्युत लाइसेन्स हो को सूचित किया जाता है कि महानगर के समस्त सार्वजनिक एवं सामुदायिक शौचालयों पर एल.ई.डी. लाईट लगाये जाने हेतु मोहरबंद अल्पकालिन निविदाये दिनांक 28/01/2021 को प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 3.00 बजे तक अपर नगर आयुक्त कार्यालय से आमंत्रित किये जाते है, जो उसी दिन अपरान्ह 3.30 बजे अपर नगर आयुक्त कार्यालय मे खोला जायेगा। कार्य से सम्बन्धित निविदा प्रपत्र की बिक्री एस.बी.एम. कार्यालय, नगर निगम गोरखपुर में दिनांक 24/01/21 से 25/01/21 को अपरान्ह 3.00 बजे तक की जायेगी। कार्य हेतु निविदा के साथ आगणन धनराशि का 10 प्रतिशत धनराशि धरोहर के रूप मे जमा करना होगा। विस्तृत जानकारी के लिये किसी भी कार्य दिवस में एस.बी.एम. कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है। बिना कारण बताये एक या समस्त निविदाओ को निरस्त करने का अधिकार नगर आयुक्त, नगर निगम, गोरखपुर के पास सुरक्षित होगा।

Sl No.	Particular	Rate Details	Qty. (Nos)	Rate	Amount
1	Supply and fixingof LED Street light Fitting having die cast aluminiumbody and diffuser with driverset suitable for 40' to 50Watt. Confirmingto IP 66 and above Protection complete in all.	PWD Sch. of 2018 S.No. 1421	90 Nos	4940.00 Each	444600.00
2	S/F of D calmps of 50mm x6mm flat Iron on pole with nut bolt etc. complete in all.	PWD Sch. of 2018 S.No.623	90 Nos	223.00 Each	20070.00
2	Wiring point for light with 1.5sq.mm. FRLSH PVC insulated multistrand single core copper conductor cable. complete in all .	PWD Sch. of 2018 S.No.131(B)	90 Nos	829.00 Each	74610.00
	Total Estimate Cost			**Rs.**	**539280.00**
	Add GST 18%			Rs.	**97070.40**
	Grand Total			**Rs.**	**636350.40**

नोट :

1– निविदा पर निविदादाता के स्पष्ट एवं पूर्ण हस्ताक्षर होना चाहिये। स्पष्ट हस्ताक्षर न होने की दशा मे निविदा पर विचार नही किया जायेगा।

2– निविदादाता को निविदा की दरे स्पष्ट रूप से शब्दो व अंको मे निर्धारित स्थान पर साफ–साफ अंकित करनी होगी। निविदा फार्म रू0 550+165 नगद भुगतान कर (जो वापस न होगा) निविदा प्रकाशित होने के दिनांक 24/1/21 से दिनांक 25/1/21 .... तक ही किसी भी कार्य दिवस मे एस.बी.एम. कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है

3– प्रत्येक निविदादाता को धरोहर धनराशि रूपया 60,000.00 मात्र का एफ.डी.आर./सी.डी.आर/एन.एस.सी. के रूप मे (राष्ट्रीय बैंक द्वारा जारी) जो अपर नगर आयुक्त/नोडल अधिकारी, एस.बी.एम. के पक्ष मे बंधक होगा, निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।

4– डाक द्वारा प्राप्त केवल उन्ही निविदाओ पर विचार किया जायेगा जो नियत अवधि के अन्दर प्राप्त होगें।

5– सफल निविदादाता को कार्यादेश प्राप्त होने के तीन दिन के अन्दर उचित मूल्य के स्टैम्प पेपर पर इकरारनामा करके कार्य मूल्य का 10 प्रतिशत की दर से जमानत की धनराशि जमा करना होगा।

6– अनुबन्ध स्टैम्प पेपर ट्रेजरी (कोषागार) से सीधे क्रय करना अनिवार्य है।

7– निविदा प्राप्त करने की तिथि मे यदि अवकाश हुआ तो अगले कार्य दिवस मे निविदा प्राप्त व खोली जायेगी ।

8– न्यूनतम निविदादाता द्वारा निर्धारित समय के अन्दर कार्य पूर्ण न किये जाने की दशा मे विलम्ब पर अर्थदण्ट देय होगा।

9– सफल निविदादाता द्वारा यदि समय से कार्य पूर्ण नही किया गया तो नगर आयुक्त नगर निगम को यह अधिकार होगा की वह कार्य को किसी अन्य से करा लें तथा इस प्रक्रिया मे जो निगम को अधिक व्यय करना होगा, वह निविदादाता के धरोहर धनराशि से जब्त करके पूर्ण कर लिया जायेगा।

10– किसी या सभी निविदा को आंशिक या पूर्ण रूप से स्वीकृत या अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा, किसी भी विवाद के सम्बन्ध मे नगर आयुक्त नगर निगम गोरखपुर का निर्णय अन्तिम एवं मान्य होगा।

11– नगर निगम मे पंजीकृत ठेकेदार एवं जिनके पास विद्युत सुरक्षा निदेशालय से निर्गत "क" श्रेणी विद्युत लाइसेन्स प्राप्त है वही निविदा मे भाग ले सकते है।

12– निविदा प्रपत्र के साथ नगर निगम में पंजीकरण प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।

13– निविदा प्रपत्र के साथ GST पंजीकरण प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।

14– निविदा प्रपत्र के साथ आयकर खाता (PAN Card) संलग्न करना अनिवार्य होगा।

15– निविदा सूचना नगर निगम बेबसाइट **WWW.NAGARNIGAMGKP.ORG** पर उपलब्ध रहेगी।

अपर नगर आयुक्त/
नोडल अधिकारी, (एस.बी.एम)
नगर निगम, गोरखपुर

नगर आयुक्त,
नगर निगम, गोरखपुर